अनुमण्डल कार्यालय, औरंगाबाद

(कल्याण शाखा)

-:अल्प सूचना :-

औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत औरंगाबाद नगर परिषद के वार्ड नं0- 29 में विकास मित्र के रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में कार्यदिवस को संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

क्र0	गतिविधि	अवधि
1	2	3
1	समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि	12.12.2024
2	संबंधित नगर परिषद में आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि	16.12.2024 से 22.12.2024
3	मेधा सूची का प्रकाशन	23.12.2024
4	चयन सूची तैयार कर अनुमोदित करना	24.12.2024
5	चयन सूची का अंतिम प्रकाशन एवं आपत्ति प्राप्त करना	25.12.2024 से 30.12.2024
6	नियोजन पत्र वितरण/शपथ ग्रहण उनमुखीकरण	31.12.2024

रिक्तियों की विवरणी

क्र0	नगर परिषद	प्रखण्ड/वार्ड का नाम	रिक्तियों की संख्या	जाति बहुलता	कोटि आरक्षण
1	2	3	4	5	6
1	औरंगाबाद	वार्ड नं0-29	1	डोम	अनुसूचित जाति

➢ **चयन हेतु अहर्त्ता :-**

1. आवेदन की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तिथि मैट्रिक के समकक्ष होगी। मैट्रिक में सार्वधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन मेधा सूची के अनुरूप किया जाएगा। चयन में मैट्रिक या समकक्ष से उच्चतर योग्यता वाले अभ्यर्थी के लिए अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जाएगा। मैट्रिक पास अभ्यर्थी नहीं मिलने पर नन मैट्रिक, नौंवी पास, आंठवी पास, सांतवी पास, छठी पास एवं पाँचवी पास का नियोजन किया जा सकेगा।
2. आवेदक की उम्र दिनांक- 01.01.2024 न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 50 वर्ष होगी।
3. आवेदक महादलित परिवार से होगा। नगर परिषद/वार्ड समूह(कलस्टर) (शहरी) में जिस महादलित जाति की बहुलता होगी उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।
4. जिस नगर परिषद/वार्ड समूह(कलस्टर) (शहरी) से विकास मित्र का चयन किया जाना है वहीं के निवासी से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं चयन किया जाएगा।

➢ **चयन की प्रक्रिया :-**

1. आवेदन विहित प्रपत्र में होना चाहिए। विहित प्रपत्र संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, औरंगाबाद तथा अनुमण्डल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान रिक्ति वाले नगर परिषद के संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, औरंगाबाद का कार्यालय होगा।
3. निर्धारित अवधि की अंतिम तिथि दिनांक- 22.12.2024 तक कार्यालय अवधि (05 बजे अपराहन तक) में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ही स्वीकार किया जाएगा। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन अमान्य होगा।
4. वैसी स्थिति जब एक ही शैक्षणिक योग्यता के दो उससे अधिक आवेदन प्राप्त होगा, वैसी स्थिति में जिस आवेदक का उम्र सबसे कम हो (जन्म तिथि के अनुसार) चयन किया जायेगा।

➢ **आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :-**

1. मैट्रिक का अंक एवं प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति
2. जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति
3. निवास प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति

07.12.2024

अनुमण्डल पदाधिकारी
औरंगाबाद

D:\BMVM\2024\WORD FILE\Anumandal Aadesh.docx